

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

जो कोई भी अपने जीवन में एक बच्चे की मदद करने के लिए कुछ भी करता है वह मेरे लिए एक नायक है। - फ्रेड रोजर्स

संपादक : सत्यन्द्र राजवंशी    मो. 9587570001    Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1    अंक : डिजिटल    बीकानेर : मंगलवार 12 मई 2026    पृष्ठ : 4    मूल्य : 1.00 रुपया


## राजस्थान का बाड़मेर देश में सबसे गर्म, पारा 46.8 डिग्री

### यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार में बारिश का अलर्ट, चार धाम यात्रियों से यात्रा टालने की अपील




**नई दिल्ली एजेन्सी।** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। रविवार को चारों राज्यों के 9 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार रहा। राजस्थान का बाड़मेर 46.8 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में तापमान 46.3 डिग्री और फलोदी में 46 डिग्री पहुंच गया।

मध्य प्रदेश के रतलाम में 45.5एष्ट तापमान रहा। भोपाल में 40.4 डिग्री में 42 डिग्री जैसी झुलसाने वाली गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 मई को तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, गुजरात के राजकोट में 44.3 डिग्री और अमरेली में 44.1 डिग्री तापमान के कारण हीटवेव चली। महाराष्ट्र में जलगांव 44.5 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। बिहार में आंधी-बारिश का दौर जारी है। यहां कैमूर जिले में रविवार को सबसे ज्यादा तापमान 38.4 डिग्री रहा। उत्तराखंड के कई हिस्सों, खासकर पहाड़ी इलाकों में 12 और 13 मई को बारिश और खराब मौसम की आशंका है। गढ़वाल कमिश्नर ने इस दौरान चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने और यात्रा से बचने की अपील की है।

**12 मईः** पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी यूपी में बारिश, गरज-चमक और 30-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते है। पहाड़ी इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।

**13 मईः**

पूर्वी यूपी, बिहार और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और ओलावृष्टि का असर बना रह सकता है। पंजाब और हरियाणा में भी तेज हवाएं चलने की आशंका है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में बारिश के साथ बिजली गिर सकती है।

### गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे : पोकरण परमाणु परीक्षण पर मोदी बोले...

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती





**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं।

पीएम ने कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है। मैं भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन करते हुए ऑपरेशन शक्ति की बधाई देता हूं।

**वाजपेयी सरकार में हुआ था दूसरा परमाणु परीक्षण**

11 मई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण किया था। यह काफी गोपनीय ऑपरेशन था। इसकी तैयारियां इतनी गुप्त थीं कि विदेशी खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

इन परीक्षणों के जरिए भारत ने दुनिया को अपनी रणनीतिक और वैज्ञानिक ताकत दिखाई। लेकिन परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका, जापान और कुछ पश्चिमी देशों ने भारत पर कई आर्थिक और तकनीकी प्रतिबंध लगाए थे।

**पीएम ने कहा- राष्ट्र जड़ों से जुड़ा रहे तभी मजबूत रह सकता है**

पीएम ने कहा- सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट से सैकड़ों परिवार जुड़े हैं। गुजरात के बाकी हिस्सों में भी लोग आते हैं। यह मंदिर हमें हमारी जीवन जीने का तरीका सिखाती है। हमारी आस्था नदियों में, वृक्षों में है। हम जंगलों को भी श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। आज जब दुनिया प्राकृतिक जीवनशैली की तरफ लौट रही है तो हमें जागरूक होना होगा।

### पीएम बोले- भारत को कोई झुका नहीं सकता, 5 मुख्य बातें...

- सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक वह अपनी जड़ों से जुड़ा न रहे।
- भारत में विरासत और आधुनिकता एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, दोनों साथ-साथ चलते हैं।
- हमारे देश में सांस्कृतिक और पवित्र स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर काफी राजनीति हुई है। दुर्भाग्य से आज भी ऐसी ताकतें हैं, जो राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं।
- लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता मिटाने की कोशिश की। इस मंदिर को बार-बार तोड़ा गया, लेकिन हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ।
- दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबा सकती है।

## फडणवीस का राहुल गांधी पर तीखा हमला, बोले- भारतीय राजनीति की सबसे अस्वीकृत वस्तु



**मुम्बई एजेन्सी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीखी आलोचना करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति में सबसे अधिक अस्वीकृत वस्तु करार दिया। यह आलोचना गांधी द्वारा सिकंदराबाद में दिए गए भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सात अपीलों की आलोचना करने के बाद की गई। पत्रकारों को संबोधित करते हुए, फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी को सभी राज्यों के मतदाताओं ने बार-बार नकार दिया है और उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश प्रधानमंत्री मोदी का दृढ़ता से समर्थन करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति में सबसे ज़्यादा नकारे गए व्यक्ति हैं, हर राज्य में सभी ने उन्हें नकार दिया है। मुझे लगता है कि वे महज़ एक ऐसा उत्पाद हैं जिसे जनता ने किनारे कर दिया है। लोकतंत्र में, केवल वही मायने रखते हैं जिन्हें जनता स्वीकार करती है। तो, जब राहुल गांधी जैसे व्यक्ति की बात आती है, जिन्हें लगातार नकारा जा रहा है, तो क्या आप वास्तव में उन्हें कोई महत्व देते हैं? राष्ट्र मोदी जी के साथ खड़ा है; राष्ट्र प्रधानमंत्री मोदी के पीछे खड़ा है; और राष्ट्र बार-बार प्रधानमंत्री मोदी को अपना आशीर्वाद देता है। ये टिप्पणियाँ पश्चिम एशिया संकट के जवाब में प्रधानमंत्री की 'सात अपीलों' की राहुल गांधी की आलोचना के बाद आईं। मोदी की अपीलों में खाद्य तेल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, प्राकृतिक खेती अपनाने और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक दबावों से निपटने के लिए ईंधन के उपयोग को कम करने का अनुरोध शामिल था। सोमवार को राहुल गांधी ने ङ्क पर एक पोस्ट में इन अपीलों को उपदेश के बजाय विफलता बताया, और अपने समझौतावादी प्रधानमंत्री वाले लेबल को दोहराते हुए अपनी आलोचना को और तेज कर दिया और दावा किया कि देश का शासन अब प्रधानमंत्री के नियंत्रण में नहीं है।

## बंगाल सीएम सुवेंदु के पीएम हत्याकांड में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

### कोर्ट ने 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा; बिहार-यूपी से पकड़ाए, एक शार्पशूटर



**कोलकाता एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस को शक है कि इनमें से एक शार्पशूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव के नतीजे आने के दो दिन बाद 6 मई को 42 साल के चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात नॉर्थ 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में हुई। हमलावर ने रथ की कार रुकवाकर कई राउंड फायरिंग की थी। रथ को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी थीं।

**हत्या में 8 लोगों के शामिल होने का शक**

जांच एजेंसियों का मानना है कि हत्या की साजिश और वारदात में कम से कम 8 लोग शामिल थे। आरोपियों ने वारदात से पहले कई दिनों तक रेकी की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हमलावरों की कार हत्या से पहले बाली टोल प्लाजा से गुजरी थी। यहां कार में मौजूद एक व्यक्ति ने UPI के जरिए टोल पेमेंट किया था। इसी डिजिटल ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस ने एक आरोपी की पहचान की और फिर बाकी आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों की पहचान को टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज और वाहन की तस्वीरों से मैच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक हमलावरों ने पहचान छिपाने और मूवमेंट छुपाने के लिए कई तरीके अपनाए थे।







## नर नारायण सेवा संस्थान के सहयोगियों द्वारा चलाए जा रहे पाळसीए वितरण अभियान



**बीकानेर (खबर आस पास)।** नर नारायण सेवा संस्थान के सहयोगियों द्वारा चलाए जा रहे पाळसीए वितरण अभियान के तहत सोमवार को एजी मिशन स्कूल और नानु देवी स्कूल के विद्यार्थियों को पाळसीए वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और नियमित देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने पाळसीए नियमित भरने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।सेवादार आनंद जोशी ने बताया कि संस्था के सदस्यों ने मंदिरों, श्मशान भूमि तथा ग्रामीण क्षेत्रों ऊपनी, सेरुणा, गुसाईंसर, बिग्गा और दुलचासर सहित कई गांवों में घर-घर जाकर भी पाळसीए वितरित किए। अभियान के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण और जीव-जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया।

संस्था के सदस्य आनंद जोशी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक करीब 1500 पाळसियों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी यह सेवा कार्य लगातार जारी रहेगा।

पाळसीए वितरण अभियान में सेवादार के रूप में भंवरलाल, श्याम करनाणी, सतीश, महादेव, महेंद्र, भैरू, वीर और फतेह सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया।

# जिला कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, समस्त व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के दिए निर्देश

**(खबर आस पास)**
**बीकानेर श्रेयांस बैद।** जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने सोमवार को एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने अस्पताल के आपातकालीन वार्ड को देखा तथा यहां हीट वेव/हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। अस्पताल के आउटडोर की जानकारी ली तथा पंजीयन काउंटर के पास मरीजों और उनके परिजनों के बैठने के लिए अतिरिक्त बेंचेज लगाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाए। उन्होंने नेत्र और ईएनटी ओपीडी का अवलोकन भी किया और यहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



जिला कलेक्टर ने प्रसूति वार्ड और संस्थागत प्रसव की जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड से जुड़े रिकॉर्ड का फीडबैक लिया। दवा वितरण केंद्र का अवलोकन करते हुए दवाओं की उपलब्धता के बारे में जाना। निःशुल्क जांचों की स्थिति की की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों से व्यवस्था सम्बंधी फीडबैक लिया। उन्होंने हीट वेव वार्ड भी देखा और यहां सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो। इस दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल में नगर निगम द्वारा संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। यहां प्रतिदिन बनने वाले भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता बरकरार रखने के साथ परिसर की साफ-सफाई और बैठने की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने अस्पताल से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में बताया।

## 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' पर राजस्थानी भाषा अकादमी की ओर से विशेष पूजा-अर्चना



(खबर आस पास) बीकानेर श्रेयांस बैद।

सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं सोमनाथ के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी कार्मिकों द्वारा सोमवार को मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित गोपालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गयी। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि रुद्राभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। इस अवसर पर पंडित चंचल व्यास, श्रीनिवास थानवी, केशव जोशी, कानसिंह, रामगोपाल मारू आदि उपस्थित थे।

## उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर 40-यात्रियों से भरी बस में लगी आग

### इमरजेंसी खिड़की से कूदकर बचाई जान, शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ हादसा

**उदयपुर (खबर आस पास)।** उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे (NH 48) पर परसाद थाने के सामने 40 यात्रियों से भरी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कुछ यात्रियों ने इमरजेंसी खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई।

घटना के तुरंत बाद परसाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को संभाला। बीच हाईवे बस में आग लगने से कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोक दिया गया। थानाधिकारी नरेश कुमार मीणा ने बताया- मैं सलूंबर मीटिंग में आया हूं। मुझे जैसे ही इस हादसे की जानकारी मिली। मैंने तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। फिलहाल आग पर काबू पा लिया है।

**उदयपुर से अहमदाबाद जा रही थी बस**

पुलिस के अनुसार घटना करीब 3 बजे की है। बस उदयपुर से यात्रियों को लेकर अहमदाबाद जा रही थी। तभी बस में धीरे-धीरे धूंआ उठने लगा। ड्राइवर और कंडक्टर को जैसे ही इसका पता लगा तो उन्होंने तुरंत यात्रियों को उतरने के लिए कहा। बस में बैठे यात्री बुरी तरह सहम गए।

आग धीरे-धीरे बढ़ती गई। कुछ ही देर में बस से तेज लपटें उठती गईं। सूचना पर फायर ब्रिगेड बुलाई गई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। यात्री जल्दी बस से उतरे। अगर थोड़ी सी चूक होती तो जनहानि हो सकती थी।

प्राथमिक रूप से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कारणों की पुष्टि होगी।

## केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की बीकानेर को एक और सौगात

# जिले के 40 राजकीय विद्यालयों को मिलेंगे सवा करोड़ रुपए के स्मार्ट बोर्ड-फर्नीचर

### मेघवाल की पहल पर सीएसआर मद से हुडको करवाएगा उपलब्ध, गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री की मौजूदगी में शिक्षा विभाग को सौंपे जाएगे समस्त संसाधन

**(खबर आस पास)**
**बीकानेर श्रेयांस बैद।** केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर को एक और सौगात देने जा रहे हैं। उनकी अनुशंसा और पहल पर जिले के 40 राजकीय विद्यालयों में डिजिटल कक्षा बोर्ड उपलब्ध करवाए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक विद्यालय के पचास-पचास विद्यार्थियों के लिए आरामदायक फर्नीचर (डयूल डेस्क) भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री की अभिशंषा पर यह सभी व्यवस्थाएं आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिसपोन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद के तहत किया जाएगा। जिस पर लगभग सवा करोड़ रुपए व्यय होंगे। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने बताया कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया हों, इसके मद्देनजर यह पहल की गई है। इसके तहत प्रत्येक विद्यालय में 65 इंच का स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे बीकानेर संसदीय क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल बोर्ड से बच्चे अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली से जुड़ सकेंगे तथा पाठ्यक्रम को अधिक बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

**प्रत्येक पंचायत समिति के विभिन्न स्कूलों को मिलेंगे स्मार्ट बोर्ड**

मेघवाल ने बताया कि हुडको द्वारा जिले के 40 स्कूलों को यह सामग्री दी जाएगी। इसमें बीकानेर पंचायत समिति के दस, श्रीडूंगरगढ़ के सात, लूणकरणसर और कोलायत के छह-छह, खाजूवाला, नोखा के चार, पांचू और पूगल के दो-दो तथा बज्जू खालसा का एक विद्यालय सम्मिलित है।

**गुरुवार को शिक्षा विभाग को करेंगे समर्पित**

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 14 मई को यह सभी संसाधन शिक्षा विभाग को समर्पित करेंगे। इसके लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानदेसर में कार्यक्रम आयोजित होगा। जहां केन्द्रीय मंत्री द्वारा एक लैब का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही हुडको के अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ द्वारा यह संसाधन केन्द्रीय मंत्री की मौजूदगी में शिक्षा विभाग को सौंपे जाएंगे। इस दौरान सभी संबंधित विद्यालयों के संस्था प्रधान मौजूद रहेंगे।

## चंबा में भयानक सड़क हादसा, अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी कार 6 गुजरात के पर्यटकों की मौत; गाड़ी के उड़े परखच्चे



**(खबर आस पास)**
**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में सोमवार तड़के हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

जानकारी के मुताबिक, हादसा चंबा-नूरपुर नेशनल हाईवे पर ककीरा के समीप घार क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 3 बजे एक इनोवा वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

जांच में जुटी पुलिस

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वाहन में सवार सभी लोग गुजरात के पर्यटक बताए जा रहे हैं, जो मनाली से डलहौजी की ओर घूमने जा रहे थे। दुर्घटनाग्रस्त इनोवा गाड़ी मंडी नंबर की बताई जा रही है। दुर्घटना के पीछे क्या वजह रही, इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## बीकानेरः संदिग्ध बांग्लादेशी महिला पकड़ी गई

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीछ्वाल पुलिस और छ्रस्ञ्ज टीम की संयुक्त कार्रवाई, गंगानगर रोड स्थित होटल के पीछे से पकड़ा गया, प्रारंभिक पूछताछ में नहीं दे पाई संतोषजनक जवाब, तलाशी में महाराष्ट्र का संदिग्ध फर्जी आधार कार्ड बरामद, मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला को सखी सेंटर भिजवाया गया, सेंट्रल एजेंसियों को भी दी गई सूचना, महिला की असली पहचान और बीकानेर पहुंचने के मकसद की जांच जारी, फर्जी दस्तावेज रखने के पीछे की वजह तलाशने में जुटी एजेंसियां, आरपीएस गौरव सारस्वत ने कहा- संदिग्धता के आधार पर पूछताछ, आधार कार्ड की डिटेल भी निकली गलत, अब संयुक्त रूप से एजेंसियां द्वारा की जाएगी पूछताछ।

## सिलेंडर में लीकेज से आग लगी, मां-2 बेटियां जिंदा जली

### चाय बनाने के लिए गैस चालू करते ही भड़की आग, बाहर निकलने का मौका नहीं मिला







**ब्यावर / रायपुर।** ब्यावर जिले के रायपुर मारवाड़ उपखंड क्षेत्र में रविवार को सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई। हादसे में मां और 2 बेटियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसने पूरी रसोई को चपेट में ले लिया। महिला और दोनों बच्चियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया।

जानकारी के अनुसार, दुकान में बनी रसोई में सिलेंडर से गैस लीकेज के कारण आग लग गई। हादसे में मनीषा (28) पत्नी दीपसिंह रावत, नवीया (8) पुत्री दीपसिंह और पल्लवी (5) पुत्री दीपसिंह की मौत हो गई।

मनीषा चाय बनाने के लिए रसोई में गई थी। जैसे ही उसने गैस चालू किया, अचानक आग भड़क उठी। हादसा रविवार दोपहर 3:30 बजे रेलड़ा ग्राम पंचायत के कानचा उड़ावता गांव में हुआ।

**दोपहर 3.30 बजे हुआ हादसा**

सेंदड़ा थानाप्रभारी हरिराम जाट ने बताया- हादसा रविवार दोपहर 3:30 बजे हुआ। सूचना मिलने पर 4 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों शवों को ब्यावर के अमृतकौर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

**दुकान में बना रखा था किचन**

मनीषा ने घर में बनी सिलाई की दुकान में ही किचन बना रखा था। मनीषा ने चाय बनाने के लिए गैस चालू किया। इसी दौरान सिलेंडर में लीकेज के कारण अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि मनीषा और उसकी दोनों बच्चियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान आग ने विकराल रूप ले लिया था। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**हादसे के समय घर में मां और दोनों बेटियां ही थीं**

मृतका मनीषा के चचेरे देवर जीत सिंह ने बताया कि हादसे के समय घर पर मां और दोनों बेटियां ही थी। मनीषा घर में बनी दुकान में सिलाई और ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। उसी में किचन भी बना रखा था। आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मनीषा का पति दीप सिंह ऑटो चालक है। बड़ी बेटी नवीया गांव में ही प्राइवेट स्कूल में एलकेजी कक्षा में पढ़ती थी। छोटी बेटी पल्लवी पास के आंगनबाड़ी केंद्र में जाती थी।

## मैपिंग कल्चर्स' प्रदर्शनी का समापन, जिला कलेक्टर निशांत जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने किया अवलोकन

**(खबर आस पास)**
**बीकानेर।** मलंग फोक फाउंडेशन द्वारा गंगाशहर स्थित सेंटर फॉर लाइफ, धरम सज्जन ट्रस्ट में 20 दिनों से आयोजित की जा रही 'मैपिंग कल्चर्स' शीर्षक से फोटोग्राफर एलिज़ाबेथ सिम्पसन (1931-2025) की फोटोग्राफी प्रदर्शनी का समापन रविवार को हुआ। प्रदर्शनी के अंतिम दिन जिला कलेक्टर निशांत जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद कहा कि एलिज़ाबेथ सिम्पसन ने जिस तरह से पश्चिमी राजस्थान के वस्त्र, लोक संगीत, कारीगरी और जनजीवन को अपने कैमरे में उतारा है यह एक दुर्लभ प्रयास है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल अतीत की स्मृतियों को सहेजने का प्रयास है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इन परंपराओं को समझने और उनसे जुड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है।

**समापन अवसर पर हुआ संवाद कार्यक्रम**

मलंग फोक फाउंडेशन के निदेशक गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि प्रदर्शनी के समापन अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कला मर्मज्ञ डॉ मदन मीणा द्वारा राजस्थान की लोक संस्कृति और एलिजाबेथ सिम्पसन विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ मदन मीणा ने कहा कि एलिज़ाबेथ सिम्पसन के इस काम को सिर्फ़ प्रदर्शनी तक सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि उनके चित्रों को हम राजस्थान की वस्त्र परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए भी काम ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके फोटो के आधार पर कोटा हेरिटेज सोसाइटी ने सौ से अधिक टेक्सटाइल प्रिंट को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है। व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए प्रो बीएल भादानी ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां ना सिर्फ़ इतिहास के पन्नो को खोलती है बल्कि इसमें हमारे ग्रामीण समाज को समझने में भी मदद मिलती है। व्याख्यान में डॉ नितिन गोयल, वनस्थली विद्या पीठ के शोधार्थी पीहू पांडे, कनक सिंह, निवेदिता, अंकिता, निशा वशिष्ठ के अलावा रितेश व्यास, सरोद वादक अमित गोस्वामी के अलावा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। प्रदर्शनी को 700 से अधिक कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा बड़ी संख्या में युवाओं, स्कॉलर, शोध विद्यार्थी, फोटोग्राफर और आमजन ने अवलोकन किया है।

# जयपुरः हनुमानगढ़ 1 रुपए के लिए नाबालिग की बेरहमी से पिटाई, गंभीर घायल, पुलिस ने आरोपियों की निकाली परेड

**जयपुर (खबर आस पास):** हनुमानगढ़. सोशल मीडिया पर नाबालिग के साथ बेरहमी से मारपीट का एक वीडियो सामने आया था, जो भादरा थाना क्षेत्र के मलसीसर गांव के बस स्टैंड का है. इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को पकड़ा और परेड निकाली. पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है. नाबालिग की हालत गंभीर है.

नोहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी ने बताया कि मलसीसर निवासी जितेन्द्र कुमार ने भादरा थाने में एक रिपोर्ट दी, जिसमें पुलिस को बताया कि उनका नाबालिग बेटा भादरा से बस में सवार होकर गांव बोझला जा रहा था. बस किराए को लेकर उनके बेटे की बहस हो गई. किराया 11 रुपए था, लेकिन उसके पास 10 रुपए थे खुल्ले पैसे नहीं थे.

**हरियाणा के हिसार में भर्ती:**

इस पर कंडक्टर ने कहा कि 'एक रुपए नहीं तो टिकट भी नहीं'. इस पर बेटे ने मोबाइल से वीडियो बनाना चाहा तो कंडेक्टर से उसकी मामूली बहस हुई, लेकिन बात खत्म हो गई. इस दौराम बस में सवार नाबालिग के ही गांव का भगवानाराम पुत्र चुनीराम महिया भी मौजूद था, जो कंडक्टर और चालक की जान पहचान का था. उसने कंडक्टर का पक्ष लेते हुए अपने अन्य साथियों को मलसीसर गांव के अड्डा पर बुलाया और नाबालिग के साथ लाठी-डंडों और रॉड से बेरहमी से मारपीट की. इसमें वो गंभीर घायल हो गया, जिसके बाद उसे हरियाणा के हिसार में भर्ती किया गया है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने भादरा थानाधिकारी को शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए. थाना स्तर पर टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई. गठित टीम की ओर से मानवीय और तकनीकी सूचना संकलित कर प्रकरण में संलिप्त चार आरोपीयों को राउंड-अप कर लिया गया है. वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है. गिरफ्तार आरोपियों की पुलिस ने परेड करवाते हुए स्छ्ररूके समक्ष पेश किया और इनका रिमांड लिया. पुलिस की ओर से पकड़े गए आरोपियों की पहचान भगवानाराम पुत्र चुन्नी राम जाट उम्र 40 साल निवासी मलसीसर भादरा, चुन्नीराम पुत्र रामलाल जाट उम्र 62 साल निवासी मलसीसर भादरा, मान सिंह पुत्र लाधू राम सुथार उम्र 54 साल निवासी मलसीसर भादरा, प्रदीप उर्फ धोलू पुत्र महेंद्र कुमार जाट उम्र 32 साप निवासी मलसीसर के रूप मे हुई है.

